Telephone/Fax No-

Mail Address:-
dcbij@allahabadhighcourt.in,
bijnordlsa@gmail.com

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर।

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

प्रेषिका,

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बिजनौर।

सेवा में,

श्रीमान नोडल ऑफिसर
कम्प्यूटर विभाग
जनपद न्यायालय, बिजनौर।

पत्रांक-842 /डी0एल0एस0ए0-बिजनौर / 2026 दिनांक-13/11/26

विषय- स्थाई लोक अदालत, बिजनौर में रिक्त संविदा के आधार पर चपरासी के 01(एक) के पद हेतु भर्ती का विज्ञापन जनपद न्यायालय,बिजनौर की वेबसाईट पर जारी (अपलोड) कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ससम्मान अवगत कराना है कि मा0 उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक सं0 1996/एसएलएसए-05/2002 (हैदर) दिनांकित 30.06.2026 द्वारा स्थाई लोक अदालत, बिजनौर में रिक्त अस्थायी/संविदा चपरासी के 01 पद पर नियुक्ति हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बिजनौर के प्रशासनिक प्रशासनिक आदेश 368 दिनांकित 01.07.2026 के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा उपरोक्त नियुक्ति हेतु दिवानी न्यायालय/कलैक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत कर्मियों के आवेदन पत्र दिनांक 30.11.2026 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं।

अतः उपरोक्त के अनुपालन में महोदय से सादर अनुरोध है कि उक्त भर्ती से सम्बन्धी संलग्न विज्ञापन (प्रेस विज्ञप्ति) को जनपद न्यायालय,बिजनौर की वेबसाईट **https://www.districts.ecourts.gov.in/bijnor** पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक-13/11/26
संलग्नक- विज्ञापन मय आवेदन पत्र।

भवदीया।

(स्वाति चन्द्रा) 13/11/26
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बिजनौर।

विज्ञप्ति

पत्रांक सं0 848 डी0एल0एस0ए0-बिजनौर/2026 दिनांक 13/11/26

मा0 उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या-1996/एसएलएसए-5-2002(हैदर) दिनांकित-30.06.2026 के अनुपालन में स्थाई लोक अदालत, बिजनौर में रिक्त चपरासी के 01(एक) पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र दिनांक 30.11.2026 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिससे सम्बन्धित आर्हता निम्नवत हैं-

क्रम सं0	पद का नाम	पद की संख्या	अनिवार्य योग्यता	कार्यकाल	मासिक नियत मानदेय
01	चपरासी	01	सेवानिवृत्त कर्मचारी दीवानी न्यायालय कलैक्ट्रेट/न्यायालय	2 वर्ष अथवा 65 वर्ष आयु में जो पहले पूर्ण हो।	चपरासी हेतु 7000/- रू

आवश्यक निर्देश-

आवश्यक निर्देशः

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी का एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नहीं होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी को न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित नहीं किया गया है।
4. अभ्यर्थी का चयन शैक्षिक गुणवत्ता, कार्य कुशलता एवं साक्षरकार के द्वारा किया जाएगा।
5. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल तक आने-जाने का कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
6. आवदेन पत्र मा0 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट कैम्पस, बिजनौर, उ0 प्र0-246701 को सम्बोधित सील बन्द लिफाफे में समस्त वांछित शैक्षिक, पहचान, निवास व चरित्र प्रमाण-पत्र सम्बन्धित प्रपत्रों की स्व-हस्ताक्षरित छाया-प्रतियाँ तथा दो स्व-हस्ताक्षरित फोटो सहित दिनांक दिनांक 30.11.2026 की सांयकाल 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा गलत पते पर प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें।
8. नियत पारिश्रामिक पर महंगाई भत्ता या अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।
9. अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचना चयन के किसी भी स्तर पर मिथ्या पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।
10. आवेदन का प्रारूप कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक के मध्य प्राप्त किया जा सकता है अथवा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट https://www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय, बिजनौर की आधिकारिक वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bijnor से डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांकः 13/11/26

संलग्नक- आवेदन का प्रारूप।

(स्वाति चन्द्रा) 13/11/26

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर।

स्थाई लोक अदालत, जनपद बिजनौर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चपरासी के पद पर अस्थायी/सांवदा के आधार

पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में).....
2. अभ्यर्थी का नाम (अग्रेजी के बड़े अक्षरों में).....
3. अभ्यर्थी के पिता का नाम .....
4. अभ्यर्थी की जन्मतिथि .....
5. अभ्यर्थी का लिंग (पुरूष/महिला).....
6. अभ्यर्थी की जाति .....
   (सामान्य/अ0पि0व0/अनु0 जाति/ अनु0 जनजाति)
7. अभ्यर्थी के पत्र-व्यवहार का पता .....
8. मोबाईल नं0 व ई-मेल आई0डी0 .....
9. अभ्यर्थी का स्थाई पता .....
   .....
10. अभ्यर्थी की राष्ट्रीयता .....
11. पूर्व पद का विभाग (दीवानी न्यायालय/कैलक्ट्रेट न्यायालय) .....
    सेवानिवत्त तिथि
12. शैक्षिक योग्यता (स्व0 प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें)

क्र0 सं0	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	श्रेणी/ प्रतिशत

13. तकनीकी योग्यता .....
14. यदि अभ्यर्थी को किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो या उसके विरूद्ध की आपराधिक मामला विचाराधीन हो तो उसका
    विवरण.....

दिनांक.....

स्थान.....

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

उद्घोषणा

मैं .....प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी ज्ञान से सही व सत्य हैं। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या मिथ्य पाई गई तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगी/होगा एवं इस आधार पर मेरा अभ्यर्थन/चयन निरस्त किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम व शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार है।

दिनांक.....

स्थान.....

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर